# यू.पी.एस.सी.
# प्रारंभिक परीक्षा-2020
# सामान्य अध्ययन-I
# (मॉडल पेपर-3)

**1.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 1 (1) कहता है भारत अर्थात् इंडिया, 'राज्यों का संघ' होगा।
2. भारतीय संघ इकाइयों के बीच किसी करार के परिणामस्वरूप नहीं है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**2.** किस प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान भारत के संविधान में 42वाँ संशोधन किया गया था?

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) राजीव गांधी
(c) अटल बिहारी वाजपेयी (d) इंदिरा गांधी

**3.** भारतीय संसद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संसद सामूहिक रूप से मंत्रिपरिषद के प्रति उत्तरदायी होती है।
2. भारतीय संसद व्यक्तिगत रूप से मंत्री के प्रति उत्तरदायी होती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**4.** भारतीय संविधान में मंत्रियों के लिये कौन-सा/से उत्तरदायित्व/उत्तरदायित्वों की बात की गई है/हैं?

1. सामूहिक उत्तरदायित्व 2. व्यक्तिगत उत्तरदायित्व
3. विधिक उत्तरदायित्व

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 1, 2 और 3

**5.** नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) नियंत्रक–महालेखापरीक्षक और उसके कर्मचारियों के वेतन और प्रशासनिक व्यय भारत की संचित निधि पर भारित होगें।
(b) नियंत्रक–महालेखापरीक्षक की स्थिति उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जैसी होगी।
(c) वह सेवा-निवृत्ति के पश्चात् भारत सरकार के अधीन कोई अन्य पद धारण करने का पात्र नहीं होगा।
(d) वह किसी भी समय राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा पद त्याग सकेगा।

**6.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनुच्छेद 216 में वर्णित है कि प्रत्येक राज्य में एक उच्च न्यायालय होगा।
2. भारत में राष्ट्रपति को यह शक्ति दी गई है कि वह दो या अधिक राज्यों के लिये एक ही उच्च न्यायालय की स्थापना कर सकेगा।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**7.** निम्नांकित में से कौन-सा/से संवैधानिक संस्था/संस्थाएँ है/हैं:

1. नीति आयोग
2. क्षेत्रीय परिषद
3. अंतरराज्यीय परिषद

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 (b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 2 और 3

**8.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कैबिनेट सचिवालय का राजनीतिक प्रमुख राष्ट्रपति होता है।
2. कैबिनेट सचिवालय का प्रशासनिक प्रमुख प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव होता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही **नहीं** है/हैं?

1. रवींद्र नाथ ठाकुर द्वारा मूल रूप से संस्कृत में रचित और संगीतबद्ध 'जन-गण-मन' के बांग्ला संस्करण को संविधान सभा ने भारत के राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को अपनाया था।
2. 'वंदे मातरम्' गीत को पहली बार 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के अधिवेशन में गाया गया था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**10.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. असम राइफल्स की स्थापना 1935 में कछार लेवी के रूप में की गई।
2. प्रधानमंत्री कार्यालय के अंतर्गत संघीय आकस्मिक बल के रूप में अक्टूबर, 1985 में एन.एस.जी. की स्थापना की गई।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**11.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 1850 में विष्णु शास्त्री पंडित ने 'विधवा-पुनर्विवाह सभा' स्थापित किया।
2. 1852 में करसोनदास मलजी ने गुजराती भाषा में विधवा विवाह के समर्थन में "सत्य प्रकाश" नाम की पत्रिका निकाली।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**12.** थियोसोफिकल सोसायटी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना संयुक्त राज्य अमेरिका में की गई।
2. भारत में इसका मुख्यालय मुंबई के पास अडियार में बनाया गया।
3. भारत में इसका नेतृत्व श्रीमती एनी बेसेंट के द्वारा की गई।
4. यह संस्था, भारतीय धर्मों व दर्शनिक परंपरा का महिमामंडन करती थी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 1 और 4

**13.** असहयोग आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. संयुक्त प्रांत तथा बंगाल के हज़ारों किसानों ने असहयोग के आह्वान का पालन किया था।
2. पंजाब में गुरूद्वारों पर भ्रष्ट महंतों का कब्ज़ा खत्म करने के लिये सिख अकाली आंदोलन नामक एक अहिंसक आंदोलन चला रहे थे।
3. असम में चाय बागानों के मज़दूरों ने हड़ताल की।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**14.** फरवरी 1927 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस की ओर से किसने ब्रुसेल्स में आयोजित उत्पीड़ित राष्ट्रीयताओं के सम्मेलन में भाग लिया?

(a) वल्लभ भाई पटेल (b) सुभाष चंद्र बोस
(c) राजेंद्र प्रसाद (d) जवाहरलाल नेहरू

**15.** 'गदर आंदोलन' के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन-सा/से कथन सही **नहीं** है/हैं?

1. गदर आंदोलन के ज्यादातर नेता व कार्यकर्ता सिख थे, परंतु उसका चरित्र मूलत: धर्मनिरपेक्ष था।
2. पहली नवंबर 1913 को 'गदर' अखबार का पहला अंक प्रकाशित हुआ, यह उर्दू में था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**16.** जैन धर्म के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है?

(a) जैन धर्म में देवताओं का अस्तित्व स्वीकार किया गया है, पर उनका स्थान जिन से नीचे रखा गया है।
(b) बौद्ध धर्म में वर्णव्यवस्था की जो निंदा है वह इस धर्म में भी की गई है।
(c) महावीर के अनुसार, पूर्व जन्म में अर्जित पुण्य या पाप के अनुसार ही किसी का जन्म उच्च या निम्न कुल में हाता है।
(d) महावीर ने चांडालों में भी मानवीय गुणों का होना संभव बताया है।

**17.** प्राचीन भारत में उत्स (Wootz) किसे कहा जाता था?

(a) चांदी के आहत सिक्के को।
(b) व्यापारियों के दल को।
(c) धनवान व्यक्ति को।
(d) भारतीय इस्पात को।

**18.** भारतीय भित्ति चित्रकला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में भित्तिचित्र की अंतिम शृंखला हिंदपुर के निकट लेपाक्षी मंदर अंनतपुर (आंध्र प्रदेश) में पाई जाती है।
2. दक्षिण भारतीय भित्ति चित्रकारी में शैव एवं धर्मनिरपेक्ष विषयों को चित्रवल्लरी में चित्रित किया गया है।
3. भित्ति चित्रकारी की चर्चा पाँचवीं-छठीं शताब्दी के 'विष्णुधर्मोत्तरम्' नामक संस्कृत पाठ में की गई है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 1, 2 और 3

**19.** अकबर के शैक्षिक सामाजिक सुधार के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) अकबर ने सती प्रथा को बढ़ावा दिया।
(b) अकबर ने बहुपत्नी प्रथा को हतोत्साहित किया।
(c) अकबर ने शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया।
(d) अकबर ने धर्मेतर विषयों की शिक्षा पर बल दिया।

**20.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अक्षांश में वृद्धि के साथ सूर्याताप की मात्रा बढ़ती जाती है।
2. जब पृथ्वी की सूर्य से निकटतम दूरी होती है, अपसौर की स्थिति होती है।
3. वायुमंडल को पार करते समय सूर्यताप की मात्रा प्रकीर्णन, परावर्तन और अवशोषण से प्रभावित होती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**21.** निम्नलिखित में से किस/किन ग्रंथ/ग्रंथों में भारतीय लघु चित्रकला के सबसे प्राचीन उदाहरण मिलते हैं?

(a) बौद्ध धार्मिक पाठों
(b) जैन धार्मिक पाठों

(c) बौद्ध व जैन धार्मिक पाठों

(d) सामवेद

**22.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **चित्रकार** | | **चित्रकारी** |
|---|---|---|---|
| 1. | राजा रवि वर्मा | : | तीन औरतें |
| 2. | अमृता शेरगिल | : | चांदनी रात में स्त्री का चित्र |
| 3. | जामिनी रॉय | : | कालीघाट की पेंटिंग |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**23.** लेज़िम नृत्य का संबंध निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य से है?

(a) केरल (b) महाराष्ट्र

(c) पश्चिम बंगाल (d) कर्नाटक

**24.** निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. शारीरिक स्तूप 2. पारिभौगिक स्तूप

3. उद्देशिका स्तूप

4. संकल्पित या पूजार्थक स्तूप

उपर्युक्त में से कौन से स्तूप बौद्ध स्तूप के प्रकारों में शामिल हैं?

(a) केवल 2 और 3 (b) केवल 2, 3, और 4

(c) केवल 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

**25.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. फणीगिरी पहाड़ी लगभग प्रथम सदी ईस्वी का एक प्रमुख बौद्ध स्थल है।
2. फणीगिरी को बौद्ध सर्किट में शामिल किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।
3. फणीगिरी पहाड़ी के उत्खनन के दौरान यहाँ से देश की अब तक की सबसे बड़ी स्टूको मूर्ति खोजी गई है।
4. द्रविड़ स्थापत्य में विमान के अलंकरण हेतु तथा पूर्व में गांधार क्षेत्र (पेशावर एवं उत्तरी पाकिस्तान) में स्टूको प्रतिमाओं का प्रयोग किया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2, 3, और 4

(c) केवल 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**26.** आषाढ़ी बीज के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. गुजरात के कच्छी समुदाय द्वारा वर्षा के आगमन पर कच्छी नववर्ष के रूप में मनाया जाता है।
2. आषाढ़ी बीज के दौरान सर्वोत्तम फसल का अनुमान लगाने के लिये वायुमंडल में आर्द्रता की जाँच करते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**27.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उत्पादन की प्रति इकाई पर लगने वाली पूंजी की मात्रा को पूंजी उत्पाद अनुपात कहा जाता है।
2. औसत पूंजी उत्पाद अनुपात तथा वर्द्धमान पूंजी उत्पाद अनुपात इसके दो प्रकार हैं।
3. किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में वर्द्धमान पूंजी उत्पाद अनुपात का कम होना लाभदायक और अप्रगतिशील होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) केवल 1 और 2 (d) केवल 3

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन अपस्फीति का उपयुक्त वर्णन करता है?

(a) यह दूसरी मुद्राओं की तुलना में मुद्रा मान में अचानक आई गिरावट है।

(b) यह अर्थव्यवस्था के वित्तीय तथा वास्तविक क्षेत्रों में आई सतत् मंदी है।

(c) यह माल तथा सेवाओं के सामान्य कीमत स्तर में आई सतत् गिरावट है।

(d) यह मुद्रास्फीति दर में एक निश्चित समयावधि में आई गिरावट है।

**29.** भारत कौशल रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत कौशल रिपोर्ट 2020, 8वें संस्करण के रूप में जारी की गई है, जिसके उद्देश्य प्रतिभा की आपूर्ति एवं उद्योग की ओर से मांग के संबंध में अवलोकन प्रदान करना है।
2. विगत तीन वर्षों में भारतीय युवाओं की नियोजनीयता स्थिर (46.21%) बनी हुई है जबकि महिला नियोजनीयता (47%) में लगातार वृद्धि देखी जा रही है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**30.** उच्च गुणवत्ता (HQLA) वाली तरल संपत्ति में किसे/किन्हें शामिल किया जाता है/हैं?

1. नकद
2. सरकारी प्रतिभूति
3. विदेशी वित्तीय संस्थानों द्वारा जारी प्रतिभूतियाँ

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**31.** जी.एस.टी. परिषद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक संवैधानिक निकाय है।
2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 289 (1) में जी.एस.टी. परिषद का प्रावधान किया गया है।
3. जी.एस.टी. परिषद की अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं।
4. यह एक संघीय निकाय है जिसमें केंद्र एवं राज्यों को प्रतिनिधित्व दिया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3 और 4
(c) केवल 1 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**32.** डिबेंचर रिडेंपशन रिज़र्व के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

1. डिबेंचर जारी करने वाले निगम को कंपनी के विस्तार हेतु डिबेंचर रिडेंपशन रिज़र्व को बनाए रखना आवश्यक है।
2. यह व्यवस्था/प्रावधान, भारतीय कंपनी अधिनियम 1960 में एक संशोधन के माध्यम से वर्ष 2000 से शुरू किया गया था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**33.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (CMIE) के अनुसार भारत की बेरोज़गारी दर वर्ष 2016 में बढ़कर 8.5 प्रतिशत हो गई है।
2. बेरोज़गारी दर को श्रमबल में बेरोज़गार व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है।
3. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण को 2018 में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किया गया था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**34.** सहकारी बैंक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इन्हें वित्त मंत्रालय द्वारा अधिनियमित किया जाता है।
2. सहकारी बैंक अपने सदस्यों को कई प्रकार की वित्तीय सेवाएँ, जैसे-ऋण देना, पैसे जमा करना और बैंक खाता खोलना आदि प्रदान करते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**35.** विशुद्ध टेरेप्थेलिक अम्ल के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. सरकार द्वारा पॉलियेस्टर निर्माण में प्रयुक्त रसायन शुद्ध टेरेप्थेलिक अम्ल पर लगने वाले एंटी डंपिंग शुल्क को हटाने का निर्णय लिया जाता है।
2. शुद्ध टेरेप्थेलिक अम्ल एक महत्त्वपूर्ण कच्चा माल है जिसका उपयोग सिंथेटिक टेक्सटाइल यथा पॉलियेस्टर कपड़ों सहित विभिन्न उत्पादों को बनाने के लिये किया जाता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**36.** राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना डॉ. हाशमी समिति की अनुशंसा पर 1 जनवरी 2015 को की गई।
2. इसमें एक अध्यक्ष, पाँच अंशकालिक सदस्य, एक पदेन सदस्य की नियुक्ति का प्रावधान है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) न तो 1, न ही 2

**37.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सामयिक पवनों में मौसम की दिशा के अनुसार परिवर्तन होता है।
2. पर्वतीय समीर व समुद्री समीर स्थानीय पवन के उदाहरण हैं।
3. पछुवा पवन एक प्रकार की मौसमी पवन है।
4. व्यापारिक पवनें स्थायी पवनें कहलाती हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4 (d) केवल 1, 2 और 3

**38.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. टेरापोड ऊज का निर्माण मोलस्क जीवों द्वारा होता है, जिसमें कैल्शियम कार्बोनेट का अंश 80% होता है।
2. ग्लोबिजेरिना ऊज का निर्माण चूना प्रधान ग्लोबिजेरिना जीवों से जुड़ा है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**39.** सारगैसो सागर के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही **नहीं** है/हैं?

1. यह व्यापारिक पवनों एवं पछुवा पवनों के संक्रमण क्षेत्र पर स्थित है।
2. उत्तरी अटलांटिक धाराओं की चक्रीय स्थिति के कारण बीच का जल स्थिर रहता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**40.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजियेः

| **प्लेट** | | **अवस्थिति** |
|---|---|---|
| 1. नज़्का प्लेट | : | दक्षिण अमेरिका व प्रशांत महासागर के मध्य |
| 2. फिलिपीन प्लेट | : | एशिया महाद्वीप व प्रशांत महासागर प्लेट के मध्य |
| 3. कैरोलिन प्लेट | : | फिलिपियन व इंडियन प्लेट के मध्य |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**41.** निम्नलिखित में से कौन सा/से अवसादी शैल कार्बनिक रूप से निर्मित है/हैं?

1. गीज़राइट 2. पिंडशिला
3. चूनापत्थर 4. शृंग प्रस्तर
5. बालुकाश्म 6. हेलाइट

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 और 3 (b) 1, 2, 3, 4 और 6

(c) केवल 3, 4, 5 और 6 (d) केवल 5 और 6

**42.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः

1. भारतीय भित्तिचित्रों के निर्माण की तकनीक तथा प्रक्रिया का वर्णन विष्णुधर्मोत्तरपुराण के एक विशेष अध्याय में मिलता है।
2. तंजावुर के राजराजेश्वर मंदिर में वास्तविक भित्तिचित्र शैली के दर्शन होते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**43.** वायुमंडल में प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण निम्नलिखित में से कौन-सी परिघटना/परिघटनाएँ संभव होती है/हैं?

1. सूर्योदय के समय सूर्य का लाल दिखना
2. सूर्यास्त के समय सूर्य का लाल दिखना
3. आकाश का रंग नीला दिखना

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**44.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः

1. प्लैंक का नियम बताता है कि एक वस्तु जितनी गर्म होगी वह उतनी ही अधिक ऊर्जा का विकिरण करेगी और उसकी तरंग दैर्ध्य उतनी दीर्घ होगी।
2. पृथ्वी के पृष्ठ पर प्राप्त होने वाली ऊर्जा का अधिकतम अंश दीर्घ तरंगदैर्ध्य के रूप में शामिल हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**45.** पृथ्वी के धरातल पर क्षैतिज पवनें निम्नलिखित में से कौन सा/से प्रभाव/प्रभावों का परिणाम है/हैं?

1. दाब प्रवणता प्रभाव
2. घर्षण बल प्रभाव
3. कोरिऑलिस बल प्रभाव

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**46.** प्रतिचक्रवात के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः

1. प्रतिचक्रवातीय क्षेत्रों में धरातल की हवाएँ केंद्र से बाहर की ओर प्रवाहित होती हैं।
2. वायु की गति की दिशा उत्तरी गोलार्द्ध में घड़ी की सुई के अनुरूप तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में घड़ी की दिशा के विपरीत होती है।
3. प्रतिचक्रवातीय क्षेत्रों में समदाब रेखाएँ प्रायः पास-पास होती है।
4. प्रतिचक्रवात के क्षेत्र में हवाएँ हल्की व मंद गति से प्रवाहित होती हैं।

उपर्युक्त में से कौन से कथन सही हैं?

(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 1 और 4

(c) केवल 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

**47.** महासागरीय अधस्तल के विभाजन में निम्नलिखित में से किसे/किन्हें शामिल किया गया है?

1. महाद्वीपीय शेल्फ 2. महाद्वीपीय ढाल
3. गहरे समुद्री मैदान 4. महासागरीय गंभीर

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**48.** खाद्य शृंखला के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही **नहीं** है/हैं?

1. चराई खाद्य शृंखला, अपरदन, खाद्य शृंखला से मृत पदार्थों पर निर्भर है और इसमें कई पदार्थों का अपघटन सम्मिलित है।
2. अपदन खाद्य शृंखला पौधों (उत्पादक) से आरंभ होकर माँसाहारी (तृतीय उपभोक्ता) तक जाती है जिसमें शाकाहारी मध्यम स्तर पर है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**49.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वायुमंडल पृथ्वी की सतह से केवल ऊपर की ओर गर्म हो सकता है।
2. ऊपरी वायुमंडल में कम आर्द्रता तथा हवा कम घनी होती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**50.** निम्नलिखित में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं?

1. अपेक्षाकृत कम लवणता का क्षेत्र - विषुवतरेखीय क्षेत्र
2. अधिकतम लवणता का क्षेत्र- शीतोष्णकटिबंधीय क्षेत्र
3. न्यूनतम लवणता का क्षेत्र - ध्रुवीय क्षेत्र
4. कम लवणता का क्षेत्र - उष्णकटिबंधीय क्षेत्र

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 1 और 4

**51.** वाताग्र के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. जब शीत वाताग्र धीमी गति से उष्ण वाताग्र में मिल जाता है, तब संरोधित वाताग्र तथा जब वायुराशियों के मध्य का वाताग्र कुछ समय के लिये स्थिर रहता है, तब स्थिरवत वाताग्र का निर्माण होता है।
2. उष्ण वाताग्र की स्थिति में गर्म वायुराशियाँ आक्रामक रूप से ठंडी वायुराशियों के ऊपर चढ़ती हैं जबकि जब शीत व भारी वायु आक्रामक रूप से ऊष्ण वायुराशि को ऊपर धकेलती है तब शीत वाताग्र का निर्माण होता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**52.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सिंधु जल संधि के अनुच्छेदों के अनुसार भारत इस नदी प्रक्रम के संपूर्ण जल का लगभग 39% जल उपयोग कर सकता है।
2. संधि में विवादों का हल ढूँढने हेतु एक तटस्थ विशेषज्ञ की मदद लेने या कोर्ट ऑफ आब्रिट्रेशन में जाने का भी रास्ता शामिल किया गया।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**53.** किसी भी क्षेत्र की जलवायु को नियंत्रित करने वाले कारकों में निम्नलिखित में से कौन-सा/से शामिल है/हैं?

1. अंक्षाश 2. तुंगता (ऊँचाई)

3. वायुदाब व पवन तंत्र

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**54.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक-2020 में भारत दो अंकों के सुधार के साथ पहली बार शीर्ष दस रैंकिंग में शामिल हुआ है।
2. इस सूचकांक में शामिल देशों की चार श्रेणियों के अंतर्गत 14 संकेतकों में समग्र प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग की जाती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**55.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **पादप** | | **उपयोग** |
|---|---|---|---|
| 1. | सर्पगंधा | : | रक्तचाप के निदान में। |
| 2. | जामुन | : | मधुमेह के निदान में सहायक। |
| 3. | अर्जुन | : | रक्तचाप की नियमितता में सहायक। |

उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**56.** मानव विकास का विस्तार निम्नलिखित में से किन संकल्पनाओं पर आधारित है–

1. समता 2. सतत् पोषणीयता

3. उत्पादकता 4. सशक्तीकरण

कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**57.** मानव विकास के निम्नलिखित में से किस उपागम का संबंध प्रो. अमर्त्य सेन से है?

(a) आय उपागम

(b) क्षमता उपागम

(c) कल्याण उपागम

(d) आधारभूत आवश्यकता उपागम

**58.** निम्नलिखित में से कौन सा देश जिसने सर्वप्रथम सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता (GNH) को देश की प्रगति का आधिकारिक माप घोषित किया है?

(a) भूटान (b) नार्वे

(c) आइसलैंड (d) कनाडा

**59.** 'स्वर्ण कॉलर' का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(a) प्राथमिक क्रियाकलाप (b) तृतीय क्रियाकलाप

(c) चतुर्थ क्रियाकलाप (d) पंचम क्रियाकलाप

**60.** जनगणना 2011 के अनुसार नगरीय बस्ती की परिभाषा में कौन सा/से तत्त्व शामिल है/हैं–

1. ऐसे क्षेत्र जहाँ कम से कम 6,000 व्यक्ति निवास करते हों।
2. जहाँ 75 प्रतिशत पुरूष श्रमिक गैर कृषि कार्यो से संबद्ध हों।
3. जहाँ जनसंख्या का घनत्व 600 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हों।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से **असत्य** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1, 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**61.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सोन, गंगा के दाहिने किनारे पर मिलने वाली प्रमुख सहायक नदी है।
2. यमुना, गंगा की सबसे पूर्वी और सबसे लंबी सहायक नदी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**62.** ब्रह्मपुत्र नदी के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें–

1. इसके बाएँ तट की प्रमुख सहायक नदियाँ सुबनसिरी, कामेंग मानस व संकोश है।
2. इसके दाएँ तट पर मिलने वाली महत्त्वपूर्ण नदियाँ बूढ़ी दिहिंग और धनसरी (दक्षिण) है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**63.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ब्रिटिश संसदीय प्रणाली में न्यायपालिका सर्वोच्च है।
2. अमेरीकी प्रणाली में संसद सर्वोच्च तथा प्रभुत्वसंपन्न है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**64.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पेरियार केरल की सबसे बड़ी नदी है।
2. केरल की दूसरी सबसे बड़ी नदी भरतपूझा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**65.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. महानदी को दक्षिण की गंगा कहा जाता है।
2. कृष्णा पश्चिम दिशा में बहने वाली दूसरी बड़ी प्रायद्वीपीय नदी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से **असत्य** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**66.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंचुए के शरीर में पेशियाँ होती है परंतु इसमें अस्थियाँ नहीं होती हैं।
2. चलने के दौरान, केंचुआ अपने शरीर के पश्च भाग को भूमि में जकड़े रहता है तथा अग्र भाग को फैलाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**67.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अल्प अवधि में किसी एक जीव के शरीर में होने वाले छोटे-छोटे परिवर्तन अनुकूलन कहलाता है।
2. हजारों वर्षों में हुए परिवर्तन को पर्यनुकूलन कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**68.** मरूस्थलीय पौधे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मरूस्थलीय पौधे वाष्पोत्सर्जन द्वारा जल की बहुत अधिक मात्रा निष्कासित करते हैं।
2. मरूस्थलीय पौधों में पत्तियाँ या तो अनुपस्थित होती हैं अथवा बहुत छोटी होती हैं।
3. कुछ पौधों में पत्तियाँ काँटों (शूल) का रूप ले लेती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**69.** पर्वतीय क्षेत्र में अनुकूलन के संबंध में कौन-सा कथन **असत्य** है?

(a) यहाँ के वृक्ष शंक्वाकार होते हैं तथा सभी शाखाएँ तिरछी होती हैं।
(b) यहाँ के पहाड़ी तेंदुए के शरीर पर फर होते हैं।
(c) याक का शरीर लंबे बालों से ढका होता है।
(d) पहाड़ी बकरी के खुर कमज़ोर होते हैं।

**70.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. डॉलफिन एवं ह्वेल जैसे कुछ जंतु गिल द्वारा श्वास लेते हैं।
2. केंचुआ त्वचा द्वारा साँस लेता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**71.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. लाल केँचुए के दाँत को 'गिजर्ड' कहा जाता है।
2. लाल केँचुओं की सहायता से कंपोस्ट बनाने की विधि को 'वर्मीकम्पोस्टिंग अथवा कृमिकंपोस्टिंग' कहते हैं।

निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन **असत्य** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**72.** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें?

1. प्रकाश संश्लेषण प्रक्रम में ऑक्सीजन निर्मुक्त होती है।
2. प्रकाश संश्लेषण प्रक्रम में कार्बोहाइड्रेट अंतत: मंड (स्टार्च) में परिवर्तित हो जाते हैं।

निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**73.** निम्नलिखित में से कवक किसका उदाहरण है-

(a) स्वपोषी (b) परजीवी
(c) मृतजीवी (d) परपोषी

**74.** निम्नलिखित में से कौन सा पादप कीटों को अपना आहार बनाता है?

(a) अमरबेल (b) गुड़हल
(c) घटपर्णी (पिचर पादप) (d) गुलाब

**75.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मंड जैसे कार्बोहाइड्रेट का पाचन मुख में ही प्रारंभ हो जाता है।
2. प्रोटीन का पाचन क्षुदांत्र में प्रारंभ होता है।
3. जल एवं कुछ लवण अमाशय में अवशोषित होते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**76.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बकरी के दूध का पाचन गाय के दूध की अपेक्षा आसान होता है।
2. यकृत शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि है।

कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन करें-

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**77.** अम्ल वर्षा में कौन-सा/से रसायन शामिल है/हैं?

1. कार्बोनिक अम्ल 2. सल्फ्यूरिक अम्ल
3. नाइट्रिक अम्ल

कूट का प्रयोग कर सही कथन का चयन करें-

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**78.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. लॉयन टेल लंगूर (जिसे दाढ़ी वाली ऐप भी कहते हैं) पूर्वी घाट में पाया जाता है।
2. लॉयन टेल्ड लंगूर की सबसे प्रमुख विशेषता इसके सोने जैसी पीले अयात हैं, जो सिर के चारों ओर, गालों और चिबुक (ठोडी) तक रहती है।

निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन **असत्य** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**79.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. धान, मक्का, सोयाबीन इत्यादि रबी फसल है।
2. गेहूँ, चना, मटर इत्यादि खरीफ फसल है।

निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**80.** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

1. बैकेलाइट उष्मा और विद्युत का सुचालक है।
2. मेलामाइन उष्मा और विद्युत का कुचालक है।

निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन **असत्य** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**81.** निम्नलिखित में से परागण किसके द्वारा की जाती है?

1. मधुमक्खियाँ 2. गुंज मक्षिका
3. चमगादड़

कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन करें-

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**82.** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

1. संसार में कुल 34 जैव विविधता हॉट-स्पॉट हैं।
2. जैव विविधता के सारे हॉट-स्पॉट आपस में मिल कर संसार के 3 प्रतिशत से भी कम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से **असत्य** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**83.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वाहन में सीएनजी, पेट्रोल व डीजल की अपेक्षा अच्छी तरह से जलता (burn) है।
2. सीएनजी, पेट्रोल या डीजल से सस्ता है तथा इसमें अपमिश्रण नहीं किया जा सकता।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**84.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शैवाल प्रस्फुटन के कारण जल की गुणवत्ता घट जाती है और मछलियाँ मर जाती हैं।
2. जैव आवर्धन का तात्पर्य है, क्रमिक पोषण स्तर (ट्रोफिक लेबल) पर आविषाक्त की सांद्रता में कमी होना।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से **असत्य** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**85.** इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटक्नोलॉजी के विषय में कौन सा कथन **असत्य** है–

(a) यह विश्व में सतत् विकास को प्रोत्साहित करता है।
(b) इस संगठन की स्थापना विश्व बैंक के तहत की गई है।
(c) इसने 65 से अधिक सदस्य राष्ट्रों के साथ एक इंटरेक्टि नेटवर्क स्थापित किया है।
(d) इस संगठन की प्रयोगशालाएँ नई दिल्ली में भी हैं।

**86.** CCTNS के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अपराध और अपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क एवं प्रणाली (CCTNS) वर्ष 2009 में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्लान के तहत स्थापित एक मिशन मोड प्रोजेक्ट है।
2. यह भारत सरकार के विधि मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**87.** फ्लाई वे के बारे में कौन सा कथन सत्य है?

(a) यह नागरिक उड्डयन मंत्रालय की एक परियोजना है जिसमें विमान उड़ान को और सुरक्षित बनाया जाएगा।
(b) यह राष्ट्रीय राजमार्ग विकास की परियोजना है।
(c) यह गृह मंत्रालय द्वारा जारी पारगमन पत्र है।
(d) यह प्रवासी जीवों द्वारा प्रवास हेतु अपनाए जाने वाले एक निश्चित मार्ग को अभिव्यक्त करता है।

**88.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गृह मामलों के मंत्रालय द्वारा जीवन सुगमता सूचकांक जारी किया जाता है।
2. जीवन सुगमता सूचकांक 2019 में 100 स्मार्ट शहरों को शामिल किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**89.** जीवन सुगमता सूचकांक में कौन सा/से शामिल है/हैं?

1. जीवन की गुणवत्ता (Quality of Life)
2. आर्थिक क्षमता (Economic Ability)
3. स्थिरता (Sustainability)

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**90.** म्युनिसिपल बॉण्ड्स डेवलपमेंट कमेटी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे 'भारतीय रिज़र्व बैंक' द्वारा गठित किया गया।
2. म्युनिसिपल बॉण्ड्स डेवलपमेंट कमेटी का गठन सेबी के कार्यकारी निदेशक सुजीत प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**91.** काउंटर वेलिंग ड्यूटी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें–

1. यह निर्यातित वस्तुओं पर लगाया जाने वाला एक कर है।
2. यह एक प्रकार का एंटी-डंपिंग टैक्स होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से **असत्य** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**92.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (NPR) में केवल भारतीय नागरिक को स्थान दिया जाता है।
2. राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (NRC) में देश के नागरिक के साथ विदेशी नागरिक को भी स्थान दिया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**93.** प्रतिकूल स्वामित्व (Adverse Possession) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया है कि विधि के सम्यक प्रक्रिया और अधिकार का पालन किये बिना राज्य किसी भी संपत्ति पर अधिकार नहीं कर सकता है और न ही प्रतिकूल कब्जे (Adverse possession) के नाम पर भूमि के स्वामित्व का दावा कर सकता है।
2. यह एक विधिक शब्द है जिसका शाब्दिक अर्थ 'प्रतिकूल कब्जा' है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**94.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनिवासी सामान्य खाता किसी अनिवासी भारतीय द्वारा भारत में अर्जित आय के प्रबंधन हेतु खोला जाने वाला एक बचत या चालू खाता है।
2. इस खाते में अर्जित ब्याज पर कर नहीं लगता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन **असत्य** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**95.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. पब्लिक कंपनी को प्राइवेट कंपनी में परिवर्तित करने से अल्पसंख्यक शेयरधारकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।
2. प्राइवेट कंपनी में न्यूनतम सात सदस्य होने चाहिये, जबकि अधिकतम सदस्यों की संख्या पर कोई रोक नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**96.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन दुनिया का सबसे पुराना अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।
2. अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ दुनिया का दूसरा सबसे पुराना अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**97.** हाल ही में चर्चित 'सेके' भाषा का संबंध किस देश से है?

(a) स्वीट्ज़रलैंड (b) नेपाल

(c) तुर्की (d) अफगानिस्तान

**98.** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें–

1. कैरियर या नेटवर्क एक अवसंरचना है जिसका कार्य दूरसंचार सेवाएँ प्रदान करना है।
2. वाई-फाई कॉलिंग एक नई तकनीक है जिसके माध्यम से हम बिना मोबाइल नेटवर्क के किसी से बातचीत कर सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**99.** 'TOI 700d' के संदर्भ में कौन सा कथन सही है?

(a) यह भारतीय थल सेना द्वारा किया गया एक ऑपरेशन है।

(b) यह एक नये प्रकार का वायरस है जिससे SARS होता है।

(c) यह एक उपग्रह है जो बृहस्पति की परिक्रमा करेगा।

(d) यह पृथ्वी के आकार जैसा एक ग्रह है, जिसकी खोज नासा द्वारा की गई है।

**100.** निम्नलिखित में साँस (SAANS) का संबंध किससे है?

(a) निमोनिया (b) हैजा

(c) टी.वी. (d) मलेरिया

## यू.पी.एस.सी (प्रारंभिक परीक्षा), 2020
## सामान्य अध्ययन-I (मॉडल पेपर-3) उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 39. | (d) | 77. | (d) |
| 2. | (d) | 40. | (d) | 78. | (c) |
| 3. | (c) | 41. | (a) | 79. | (d) |
| 4. | (b) | 42. | (c) | 80. | (a) |
| 5. | (b) | 43. | (d) | 81. | (d) |
| 6. | (d) | 44. | (d) | 82. | (a) |
| 7. | (b) | 45. | (d) | 83. | (c) |
| 8. | (d) | 46. | (a) | 84. | (b) |
| 9. | (c) | 47. | (d) | 85. | (b) |
| 10. | (d) | 48. | (c) | 86. | (a) |
| 11. | (c) | 49. | (c) | 87. | (d) |
| 12. | (b) | 50. | (b) | 88. | (b) |
| 13. | (d) | 51. | (b) | 89. | (d) |
| 14. | (d) | 52. | (d) | 90. | (b) |
| 15. | (d) | 53. | (d) | 91. | (a) |
| 16. | (b) | 54. | (c) | 92. | (d) |
| 17. | (d) | 55. | (d) | 93. | (c) |
| 18. | (d) | 56. | (d) | 94. | (b) |
| 19. | (a) | 57. | (b) | 95. | (a) |
| 20. | (c) | 58. | (a) | 96. | (c) |
| 21. | (c) | 59. | (d) | 97. | (b) |
| 22. | (b) | 60. | (b) | 98. | (c) |
| 23. | (b) | 61. | (a) | 99. | (d) |
| 24. | (d) | 62. | (d) | 100. | (a) |
| 25. | (d) | 63. | (d) | | |
| 26. | (c) | 64. | (c) | | |
| 27. | (d) | 65. | (c) | | |
| 28. | (c) | 66. | (c) | | |
| 29. | (b) | 67. | (c) | | |
| 30. | (d) | 68. | (b) | | |
| 31. | (c) | 69. | (d) | | |
| 32. | (c) | 70. | (b) | | |
| 33. | (c) | 71. | (a) | | |
| 34. | (b) | 72. | (c) | | |
| 35. | (c) | 73. | (c) | | |
| 36. | (d) | 74. | (c) | | |
| 37. | (b) | 75. | (a) | | |
| 38. | (c) | 76. | (c) | | |